लापरवाही

चौदह मील से पौड़ी तक सड़क का हुआ डामलीकरण, निर्माण कार्य बोर्ड पर अधूरी जानकारियां

साइड शोल्डर के मुरम बोल्डर फैले, दुर्घटना का अंदेशा

नवभारत,बेलखाडू । कटंगी मुख्य मार्ग पर बोरिया के नजदीक चौदह मील स्थल से ग्राम पौड़ी तक 2.23 किमी पहुंच मार्ग का डामलीकरण कार्य गत माह में किया गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत एक ओर डामर की पतली लेयर सड़क निर्माण में डाली जाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं वहीं सड़क किनारे के साइड शोल्डर निर्माण में उपयोग की गई मुरम गिट्टे अव्यवस्थित रूप से डालकर छोड़ दिए गए। जिससे दोपहिया वाहन चालक, सायकल सवार ग्रामीण जन अचानक क्रॉसिंग दौरान साइड शोल्डर पर वाहन पहुंच कर बहक जाते हैं, रोलर से समतलीकरण और व्यवस्थित नहीं होने से साइड पट्टी पर दुर्घटना होने का खतरा बरकरार है।

सड़क निर्माण के सूचना पटल पर अधूरी जानकारियां-मुख्य मार्ग से पौड़ी तक निर्माण कार्य के दो बोर्ड लगाए गए हैं जिसमें पांच वर्षों तक निर्माण रखरखाव की राशि 36 लाख अंकित है, वर्तमान लागत का खंड खाली छोड़ दिया गया है। एक बोर्ड पर गारंटी पूर्णता अवधि 26.11.2022 दर्ज है जिसमें मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वित्त पोषित अंतर्गत डिटेल दी गई है। दूसरे सूचना पटल पर संधारण अवधि प्रारंभ होने की तिथि 20.04.2022 अंकित है एवं संधारण अवधि समाप्त होने की तिथि 12.04.2027 लिखी गई है। साथ ही पुलियों, रपटों, पुलों की संख्या की जगह भी बोर्ड पर खाली है।

श्रीमद्भागवत कथा में रूक्मणी विवाह प्रसंग पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवभारत पनागर। स्थानीय बिन्नी बाई जैन कन्या शाला पनागर में वैष्णो देवी समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा के दौरान रूक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथावाचक डॉ. सत्येन्द्र दास जी ने अपने मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण और माता रूक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्ति, प्रेम और धर्म के महत्व को विस्तार से बताया। उनके मधुर वचनों और संगीतमय प्रस्तुति से पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। श्रद्धालु कथा श्रवण करते हुए भक्ति भाव में डूबे नजर आए। दिनभर चली कथा के उपरांत शाम के समय महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में समिति के सदस्य प्रदीप पटेल नपा अध्यक्ष, रसिया कुशवाहा, राजेंद्र सोनी,संजय पटेल, बेड़ीलाल कुशवाहा, ब्रजेश ठाकुर, विजय सैनी, ऋतुराज तिवारी, पड़ा कोरी, दुर्गा ठाकुर, कम्मू शर्मा, प्रदीप नायक सहित स्थानीय श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

छतरपुर पनागर में श्री सीताराम ग्रामोत्सव मण्डल का लीला विवाह महोत्सव 15 को

नवभारत,पनागर। ग्राम छतरपुर पनागर स्थित लीला विहारधाम हनुमान मंदिर में श्री सीताराम ग्रामोत्सव मण्डल द्वारा 19वें वर्ष का लीला विवाह महोत्सव रविवार 15 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन पिछले 19 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री जय हनुमानदास जी महाराज (गीताधाम खमरिया), श्री 108 स्वामी प्रहलाददास जी (खारियाघाट), श्री कमलकांत बाबा जी एवं श्री रघुवीर बाबा जी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।वहीं विशेष अतिथि के रूप में श्री सुशील तिवारी जी (हिंदू भैया - विधायक) तथा श्री संतोष साहू (मंडल अध्यक्ष, मनखेर - जिला मैनपुरी) कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन में शामिल हों और पुण्य लाभ अर्जित करें।संयोजक: सरपंच दुखी लाल मांझी उपसरपंच: राहुल राय सचिव: कल्लू राय, पंच सोनू राय आयोजक: सिक्कू साहू, मुन्ना बर्मन, सीताराम श्रीपाल, नारायण बमन (बाबा), उमाकर राय, बैजनाथ बमन (बाबा), लखन साहू, उमाबाई, सुमित्राबाई, अमरतीबाई, मालतीबाई, रामरानी आदि।

लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से 95 हजार की ठगी

ग्वालियर. लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर एक 84 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के घासमंडी मद्दी का बाजार निवासी उसाद्दीन मोहम्मद उर्फ पेंशनर (84) ने शिकायत में बताया कि 19 फरवरी की शाम वह घर पर मोबाइल में फेसबुक देख रहे थे. इसी दौरान उन्हें घर बैठे लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें एपीके फाइल के रूप में एक लिंक दी गई थी. बैंक में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होने के कारण उन्होंने उस लिंक पर क्लिक कर फाइल ओपन कर दी. फाइल खुलते ही उनका मोबाइल हैंग हो गया और अगले दिन सुबह तक सामान्य नहीं हुआ.

ग्राम पंचायत खितौला में लटका ताला, सचिव-रोजगार सहायक नदारद

सरकारी योजनाओं पर लग रहा पलीता

जनपद पंचायत मझौली के अधिकारी मौन

नवभारत, मझौली । जनपद पंचायत मझौली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खितौला इन दिनों भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का केंद्र बनी हुई है। शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का दावा करने वाले जिम्मेदार स्वयं ही मैदान से नदारद हैं। पंचायत भवन में अक्सर ताला लटका रहता है, जिसके कारण ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी दर-दर भटकना पड़ रहा है।

लापरवाही की भेंट चढ़ता 'विकास'

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पंचायत सचिव और रोजगार सहायक की मनमानी के चलते मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, और स्वच्छता मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। पंचायत भवन बंद रहने के कारण पात्र हितग्राही अपने आवेदन तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी वे पंचायत आते हैं, उन्हें केवल गेट पर लटका ताला ही नसीब होता है।

गुप्त सूत्रों का बड़ा खुलासा कागजों पर हो रहा खेल?

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सचिव और रोजगार सहायक की इस बेखौफ अनुपस्थिति के पीछे एक गहरा राज छुपा हो सकता है। चर्चा है कि क्षेत्र से गायब रहने के बावजूद सचिव और रोजगार सहायक की उपस्थिति कागजों पर दर्ज हो रही है।

मिलीभगत की आशंका

जनपद कार्यालय में पदस्थ कुछ अधिकारियों की कथित 'मौन सहमति' के चलते इन लापरवाह कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्रों का दावा है कि पंचायत भवन बंद रखकर गुपचुप तरीके से मस्टर रोल और अन्य वित्तीय दस्तावेजों में हेरफेर की आशंका है, ताकि धरातल पर काम किए बिना ही राशि का आहरण किया जा सके।

अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जनपद पंचायत मझौली के वरिष्ठ अधिकारियों को इस अव्यवस्था की लिखित और मौखिक सूचना दी जा चुकी है। बावजूद इसके, आज तक न तो पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया और न ही दोषियों को नोटिस जारी किया गया। अधिकारियों की यह उदासीनता प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।

मणि शंकर चौधरी का निधन

नवभारत,जबलपुर। ब्योहरबाग निवासी मणिशंकर चौधरी का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे पूर्व राज्यसभा सदस्य, विधायक, पूर्व महापौर स्व. नारायण प्रसाद चौधरी के पुत्र एवं स्वर्गीय डॉ रवि शंकर चौधरी, विजय चौधरी, पूर्व विधायक शेखर चौधरी, कंचन चौधरी के भाई, अमित चौधरी, प्रमोद सोनकर (दामाद) अतिरिक्त एसपी अलका सोनकर (केंद्रीय जेल अधीक्षक इंदौर), पायल कश्यप, राजा चौधरी के पिता रहे। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निवास स्थान से करिया पाथर शमशानघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

सुमन एचपी गैस एजेंसी में लगी उपभोक्ताओं की लंबी कतार

जायजा लेने एजेंसी पहुंचीं कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी निशा सावनेर

नवभारत,मझौली। मझौली स्थित सुमन एचपी गैस एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए बढ़ती भीड़ और लंबी कतारों की शिकायतों के बीच कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी निशा सावनेर मौके पर पहुंचीं और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एजेंसी परिसर में मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और गैस वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बताया कि सिलेंडर लेने के लिए उन्हें कई-कई घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे खासकर बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इस पर कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी निशा सावनेर ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना है। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रखा जाए और उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान न किया जाए। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया कि वे समय से गैस बुकिंग कराएं, अनावश्यक भीड़ न लगाएं और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तुरंत खाद्य आपूर्ति विभाग को सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

अब तक 2000 किशोरियों का हुआ टीकाकरण

नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण से हो रही सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में चल रहे जिले में 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक लगभग 2000 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। इस अभियान का उद्देश्य एचपीवी टीकाकरण के महत्व के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प है। जिले में 34 स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण जारी है। अभिभावक अपनी बालिकाओं का पंजीकरण यूविन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। टीकाकरण समय प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक है। प्रमुख केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरगी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला, सिविल हॉस्पिटल-पाटन, रानी दुर्गावती चिकित्सा एवं जिला चिकित्सालय विक्टोरिया शामिल हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि अभियान के माध्यम से किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

सफलता

असफलता के बाद भी सास और बहुओं की नवसाक्षर जोड़ी ने लगन से दी एक साथ परीक्षा

हौसलों की उड़ान नवभारत साक्षरता अभियान

बेलखाडू शासकीय संकुल केंद्र अंतर्गत उत्साही परीक्षार्थियों ने पास की परीक्षा

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर) । कहते हैं लगन हो तो पढ़ाई करने की कोई उम्र नहीं होती खासकर तब जब पूरे जीवन में पढ़ाई और अक्षरों से कभी सामना हो नहीं हुआ हो। ऐसे लोगों के लिए सरकार ने नव साक्षरता अभियान चला रखा है।

नवसाक्षरता अभियान (उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) भारत सरकार द्वारा 2022से 2027 के लिए शुरू की गई एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर वयस्कों को साक्षर बनाना है। यह न केवल पढ़ना-लिखना सिखाता है, बल्कि जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता और वित्तीय साक्षरता पर भी जोर देता है, जिससे वे देश की प्रगति में सक्रिय भागीदार बन सकें। यह परीक्षा शत प्रतिशत साक्षरता लक्ष्य प्राप्त करने, बुनियादी पढ़ने लिखने, अंक गणित के कौशल को परखने और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सशक्त बनाने के लिए की जाती है।

आज इस वृहद अभियान अंतर्गत एक सास और उनकी दो बहुओं की एक साथ केंद्र पर परीक्षाएं देना चर्चा का विषय बना रहा। बेलखाडू शासकीय संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय स्कूल केंद्र चमन नगर में नव साक्षर कमला यादव पति भैया यादव 53 वर्ष (सास), दुर्गा पति दिलीप यादव 40 वर्ष (बहु) व संध्या पति संदीप यादव 30 वर्ष (बहु) एक ही घर के परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने पहुंचे। सभी शिक्षक और अन्य परीक्षार्थी तीनों का उत्साह देखते रह गए। स्थानीय तौर पर इनके अक्षर साथी की भूमिका शंकर नगर के मंजू व राहुल ठाकुर ने निभाते हुए तैयारियां कराईं। केंद्र पर परीक्षा दौरान नोडल अधिकारी संजय चौबे, संकुल प्राचार्य बी आर परस्ते, सह समन्वयक ऋचा मुछारिया, जनपद शिक्षा केंद्र से हरमेश सेन, विनोद पटेल सहित अक्षर साथी उपस्थित रहे इन्होंने सभी परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाया। हौसलों की उड़ान, पास होने पर चेहरों पर मुस्कान- गत वर्ष परीक्षा में सास कमला यादव, बहु दुर्गा एवं संध्या यादव को असफलता हांथ लगी पर मन में लगन और हौसलों की उड़ान जारी रही, पिछले लगभग छह माह से अध्ययन कार्य जारी रहा और आज उत्साह से सास और बहुओं ने फिर से मन में पास होने का लक्ष्य रखते हुए परीक्षा दी। नोडल अधिकारी संजय चौबे ने बताया कि उनकी मेहनत और लगन से सास व बहुएं उत्तीर्ण हुईं जिसका ऑनलाइन डेटा भी फीड किया गया। उनके परिवार में पास होने की खुशियां छाई हुई है।

बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर बैंककर्मी से छिन ली चेन

ग्वालियर, 14 मार्च. घर से टहलने के लिये निकली महिला बैंक कर्मचारी से बाइक सवार बदमाश झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट कर मौके से फरार हो गये। घटना विश्वविद्यालय थाना इलाके स्थित एमपी संस और होटल सुगर पॉम के पास रात की है। घटना पता चलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच के बाद बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने सर्चिंग की, लेकिन लुटेरे का सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस को कुछ जगहों पर बदमाशों के फुटेज मिले है। जिनके आधार पर लुटेरे की तलाशकी जा रही है, पुलिस ने चेन स्नेचिंग की एफआईआर दर्ज कर ली है। शहर के विश्वविद्यालय थाना इलाके के बलवंतनगर गौरा अपार्टमेंट जी-2 निवासी 39 वर्षीय कृपादेवी पत्नी स्व. मोहनसिंह एसबीआई बैंक में होम लोन डिपार्टमेंट में पदस्थ है प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी वह टहलने के लिये निकली थी।

नवरात्रि मेले के लिए मैहर स्टेशन पर 14 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

भोपाल, 14 मार्च. आगामी नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने विशेष व्यवस्था की है. इसके तहत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से गुजरने वाली 14 जोड़ी ट्रेनों को मैहर रेलवे स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है. यह व्यवस्था 19 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगी.

रेल प्रशासन के अनुसार नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं. इसी को देखते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा, चेन्नई-छपरा, वलसाड-मुजफ्फरपुर, पुणे-गोरखपुर, पूर्णा-पटना, पुणे-बनारस, बांद्रा टर्मिनस-पटना और सूरत-छपरा सहित कुल 14 जोड़ी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर अस्थायी हाल्ट प्रदान किया गया है. इन ट्रेनों के मैहर स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर दर्शन के लिए आने-जाने में सुविधा मिलेगी.

जानकारी अवश्य प्राप्त करें

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त करें. इसके लिए यात्री रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा एनटीईएस या हेल्पलाइन 139 (रेल मदद) के माध्यम से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. रेलवे की इस व्यवस्था से नवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है.